दिन–गुरूवार

दिनांक– 22 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में अब राज्य सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ एक ही पोर्टल बिहार वन से मिलेगा।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए नौ से चौदह आयु वर्ग की पंचानवे लाख बालिकाओं को मुफ्त टीका लगाने की योजना को मंजूरी दी।

03. कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में पटना एम्स और आईजीआईएमएस के जूनियर चिकित्सक दस दिनों की हड़ताल के बाद काम पर लौटे।

04. और, खेलो इंडिया अस्मिता योगासन लीग, पूर्वी क्षेत्र आज से पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में शुरू होगी। बारह राज्यों की पांच सौ महिला खिलाड़ी होंगी शामिल।

---

प्रदेश में अब राज्य की सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ एक ही पोर्टल बिहार वन से मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस इस आाशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य के आम नागरिकों का परिवार आधारित सोशल रजिस्टर तैयार किया जाएगा। इसके तहत लाभुकों को एक नंबर आवंटित किया जाएगा। इसके माध्यम से ही वे सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे।

–––बाईट–––

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए राज्य में नौ से चौदह आयु वर्ग की पंचानवे लाख बालिकाओं को मुफ्त टीका लगाया जाएगा।

–––बाईट–––

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि बैठक में मोटरबाईक, ऑटो रिक्शा, मोटर कैब, मिनी बस, बस और ट्रकों के व्यावसायिक परमिट शुल्क में कमी के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी

गई। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने विभिन्न विभागों में एक हजार पांच सौ नवासी पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। कैबिनेट बैठक में कुल इक्कीस प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी।

---

कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में पटना एम्स और आईजीआईएमएस के जूनियर चिकित्सक दस दिनों से चल रही हड़ताल के बाद काम पर लौट आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मांगे पूरी करने का आश्वासन दिये जाने के बाद चिकित्सकों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। इधर, पीएमसीएच और एनएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों के आज से काम पर लौटने की संभावना है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण मरीजों को हो रही परेशानियों को लेकर स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायालय ने एक समाचार पत्र में इस संबंध में प्रकाशित खबर के आधार पर मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव और रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधि डॉक्टर रजत कुमार समेत अन्य को नोटिस जारी किया है।

---

वाराणसी से पटना होते हुए हावड़ा के बीच अब हाई स्पीड ट्रेनों का परिचालन होगा। ये ट्रेन तीन सौ बीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन के संयुक्त महाप्रबंधक ने पटना जिला प्रशासन को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए एक सौ पैंतीस हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता होगी। जिला प्रशासन ने कॉरिडोर के निर्माण में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया है।

---

बिहार के ग्रामीण इलाकों में जमीन सर्वे की अद्यतन जानकारी ऑनलाइन सर्वे ट्रैकर एप पर उपलब्ध होगी। इस एप की मदद से संबंधित इलाकों में जमीन के सर्वे की पूरी स्थिति कहीं से भी जानी जा सकती है। साथ ही इस पर संबंधित पंचायतों के

अमीन और कानूनगो का मोबाइल नंबर भी मौजूद है। इससे संबंधित कर्मियों से सीधे बात कर समस्या का समाधान भी पाया जा सकता है।

---

राज्य के कामगारों की पहचान के लिए श्रम संसाधन विभाग ने सर्वे कराने का फैसला किया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सर्वे के दौरान बिहार के सभी प्रवासी मजदूरों की गिनती होगी और उनकी पारिवारिक रिपोर्ट भी बनेगी। विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को दिशा–निर्देश भेज दिया है। इस काम में निजी एजेंसी की मदद ली जाएगी।

---

भोजपुर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के बीबीगंज के पास आज तड़के एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरा–बक्सर फोर लेन पर एक चार पहिया वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने के कारण ये हादसा हुआ। सभी मृतक एक परिवार के थे और विंध्यांचल से वापस लौट रहे थे।

---

खेलो इंडिया अस्मिता योगासन लीग, पूर्वी क्षेत्र आज से पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में शुरू होगी। तीन दिन तक चलने वाली पूर्वी क्षेत्र लीग चौबीस अगस्त को समाप्त होगी। बिहार योगासन खेल परिसंघ पहली बार इस लीग की मेजबानी कर रहा है। इस लीग में पूर्वी क्षेत्र के बारह राज्यों की पांच सौ महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। ये बारह राज्य हैं– बिहार, झारखंड, अरूणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल और ओडिशा। पांच मुख्य प्रतिस्पर्धाओं में बारह से अठारह और अठारह से पचपन आयु वर्ग की खिलाड़ी भाग लेंगी। इस लीग का सीधा प्रसारण खेलो इंडिया महिला लीग के आधिकारिक यू–ट्यूब चैनल पर किया जायेगा।

---

राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में उतार–चढाव का सिलसिला जारी है। गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना के दीघाघाट और हाथीदह में बढ़ रहा है। वहीं, सोन नदी पटना के मनेर में, घाघरा नदी सीवान के गंगपुर सिसवन और सारण के छपरा में तथा गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में उफान पर है। बूढ़ी

गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से लगभग तिरेसठ सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी का जलस्तर भी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान के ऊपर बना हुआ है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से विभिन्न स्थानों पर तटबंधो पर दबाव बढ़ गया है।

---

इधर, गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से भागलपुर के सबौर, नाथनगर समेत अन्य स्थानों पर तटबंधों पर दबाव बढ़ गया है। इस्माइलपुर बिंदटोली तटबंध के टूटने के कारण विस्थापित हुए लोगों के बीच राहत अभियान चलाया जा रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

गंगा नदी का पानी बुद्धुचक और बिंदटोली में तेजी से फैल रहा है। तीनटंगा–करारी से तटबंध जाने वाली सड़क पर पानी करंट बरकरार है, जिससे आवागमन बाधित है। इस बीच, जल संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख मनोज कुमार रमन ने कल कटाव स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि तटबंध की लगभग साठ फीट नीचे की मिट्टी कट गयी, जिससे रिंग बांध का एक सौ दस मीटर का हिस्सा कटने से बाढ़ की स्थिति बन गयी। इधर, बाढ़ विस्थापितों के बीच जिला प्रशासन की ओर से लगातार राहत अभियान चलाया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, पटना में गंगा नदी के जलस्तर बढ़ने के साथ ही नकटा दियारा और मानस दियारा समेत कई निचले इलाकों में फिर से बाढ़ का पानी फैलने लगा है। वहीं, बागमती नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश से इसके जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। डुब्बा घाट में नदी का जलस्तर खतरे के निशान से पचास सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बागमती के जलस्तर में वृद्धि के साथ ही नदी के दोनों किनारों पर फिर से कटाव शुरू हो गया है।

---

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने के साथ ही वर्षापात में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि स्थानीय कारकों के प्रभाव से आज बक्सर, कैमूर, रोहतास और गया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना समेत शेष स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। विभाग ने इस अवधि में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि गया वेधशाला को बंद नहीं किया जा रहा है। विभाग ने एक स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि पिछले दिनों कुछ समाचार पत्रों में गया वेधशाला को पूरी तरह से बंद करने की खबर प्रकाशित की गयी थी। विभाग ने इस खबर का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह गलत, तथ्यहीन और आधारहीन बताया है।

---

पर्यटन विभाग ने कैमूर, बक्सर और मधेपुरा स्थित अपने तीन होटलों के पुर्नरूद्धार का फैसला किया है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि योजना के पहले चरण में मुंडेश्वरी विहार कैमूर, सिंहेश्वर स्थान मधेपुरा और बक्सर स्थित होटल विश्वामित्र, के जीर्णोद्धार परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत सभी होटलों को आकर्षक और आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

---

शिक्षा विभाग ने पहले चरण की सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग की अंतिम तिथि तेरह सितम्बर तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि इकतीस अगस्त तक निर्धारित थी।

---

सारण जिले के सोनपुर पश्चिम गोला बाजार स्थित एक निजी बैंक की शाखा से अपराधियों ने उन्नीस लाख पचहत्तर हजार रूपये लूट लिये। पुलिस ने बताया कि तीन की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

अररिया जिले के अलग – अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब और गांजा के साथ सत्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बांका जिले के नवादा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतवाली चौक के पास पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरफ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने कैबिनेट के फैसले को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – पटना सदर अंचल चार भागों में बंटा, काम में होगी सहूलियत।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है – बिहार में सरकारी सेवाओं का लाभ एक पोर्टल से।

**दैनिक भास्कर** ने झारखंड के रानीतिक घटनाक्रम पर लिखा है – अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनायेंगे चंपाई सोरेन।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – भारत बंद, कई जगहों पर ट्रेने रोकी। जाम की सड़क, पुलिस के साथ झड़प।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है – उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्र ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन पत्र।

**आज** अखबार लिखता है – तीसरे चरण की नियुक्ति में बढ़ेंगे अध्यापाकों के पद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में अब राज्य सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ एक ही पोर्टल बिहार वन से मिलेगा।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए नौ से चौदह आयु वर्ग की पंचानवे लाख बालिकाओं को मुफ्त टीका लगाने की योजना को मंजूरी दी।

03. कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में पटना एम्स और आईजीआईएमएस के जूनियर चिकित्सक दस दिनों की हड़ताल के बाद काम पर लौटे।

04. और, खेलो इंडिया अस्मिता योगासन लीग, पूर्वी क्षेत्र आज से पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में शुरू होगी। बारह राज्यों की पांच सौ महिला खिलाड़ी होंगी शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।